भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या – 1306
(जिसका उत्तर मंगलवार, 14 मार्च, 2017 को दिया गया)

पश्चिमी बंगाल में फर्जी कंपनियों का पंजीकरण

1306. श्री मेघराज जैन :

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एक सर्वे के अनुसार फर्जी कंपनियों के पंजीकरण के मामले में कोलकाता देश में शीर्ष स्थान पर है यदि हां, तो पंजीकृत फर्जी कंपनियों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या ये फर्जी कंपनियां अधिकांश थोक व्यापार (होलसेल ट्रेडिंग) तथा रिएल स्टेट के व्यवसाय से जुड़ी हैं;

(ग) क्या इन कंपनियों का उपयोग सिर्फ कालेधन को वैध बनाने के लिए किया जाता है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इन कंपनियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

(क) से (घ) इस मंत्रालय ने ऐसा कोई सर्वेक्षण नहीं किया है। अन्य किसी एजेंसी ने इस तरह के किसी सर्वेक्षण की सूचना नहीं दी है।

*****